हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर

वर्ष	हिन्दी में प्राप्त कुल पत्रों की संख्या	जिनका उत्तर हिन्दी में दिया गया	जिनका उत्तर अंग्रेजी में दिया गया
1980–81	614448	331318	7810
1981–82	530009	295880	5236
1982–83	505195	232501	5290
1983–84	363282	173302	2784
1984–85	444430	158737	1313
1985–86	634631	343837	6307
1986–87	682685	353332	6211

हिन्दी पत्राचार

वर्ष	पत्रों की संख्या
1980–81	362784
1981–82	467769
1982–83	398994
1983–84	368578
1984–85	274512
1985–86	469457
1986–87	501847

पालिका बाजार इत्यादि में सुरक्षा प्रबंध

1717. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली के पालिका बाजार, सुपर बाजार तथा अन्य मुख्य बाजारों में किसी अप्रिय घटना को रोकने के लिये क्या सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं ; और

(ख) क्या वरिष्ठ पुलिस अधिकारी समय-समय पर इन बाजारों में सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते रहते हैं ?

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) पालिका बाजार, सुपर बाजार इत्यादि की सुरक्षा के लिए कनाट प्लेस के आसपास पुलिस नियंत्रण कक्ष के वाहन रखे गए हैं । पुलिस नियंत्रण कक्ष के अनेक वाहन दिल्ली के मुख्य व्यापारिक केन्द्रों के निकट रखे गये हैं । बाजारों को जाने वाली सड़कों के मुख्य चौराहों पर टुकड़ियां भी तैनात की गई हैं । गश्त कड़ी कर दी गई है ।

(ख) जी हां, श्रीमन् ।